पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी

Good Work By Range Police

झाँसी : जमीन में दबाकर रखे लहन से भरे ड्रम।

दबिश में पकड़ी 145 लिटर शराब

झाँसी : लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन में आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीमों ने चरौखा बॉर्डर, पीपलगाँव बैरक के पास, बिल्टर चौराहा, सुती मिल, फतेहाबाद, पात बॉर्डर, झासतेण्ड व डेरा अहमनशाह पर दबिश दी गई। इस दौरान 145 लिटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 1 हजार किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। साथ ही दो आरोपी गिरफ्तार कर अलग-अलग धारों में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज कराए गए। इसके अलावा उक्त क्षेत्रों में मौजूद शराब व बीयर दुकानों एवं ढाबों की चेकिंग की गई।

टहरौली : पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

2 किलो 400 ग्राम अवैध गाँजा सहित युवक गिरफ्तार

टहरौली (झाँसी) : आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत चलाए जा रहे अभियान अवैध मादक पदार्थ विरुद्ध व तस्करी रोकथाम के तहत प्रभारी निरीक्षक विनय दिवाकर ने पुलिस बल के साथ लखनपुर यादव निवासी ग्राम उदौरा थाना मोंदरी जनपद निवासी मध्य प्रदेश को 2 किलो 400 ग्राम गाँजा सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध थाना टहरौली में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मोहन चन्द्र, कांस्टेबल विजय कादर, विनय सिंह शामिल रहे। जानकारी के अनुसार आरोपी लखनपुर थाना मोंदरी निवासी निवासी मध्य प्रदेश ने लगभग 16 मुकदमे लंबित है। इसके अलावा थाना मोंदरी बालर में 2 मुकदमे, थाना टहरौली में एनडीपीएस एक्ट गैंगस्टर एक्ट सहित 4 मुकदमे समेत कुल 22 मुकदमें विभिन्न धर्मों में पंजीकृत है।

उड़नदस्ता टीम ने बाइक सवार युवक के पास से बरामद किये 5.27 लाख रुपये

ककरवई (झाँसी) : लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिये सख्ती बरती जा रही है। उड़नदस्ता टीम लगातार चेकिंग कर सन्दिग्धों की जाँच कर रही है। टीम ने आज चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार के पास से 5 लाख से भी अधिक की नकदी बरामद की। रुपयों के बारे में युवक कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। टीम ने बरामद रुपयों को जब्त कर लिया।

मंगलवार को रविन्द्रनाथ राम (राज्यकर अधिकारी), ककरवई शमाध्यक्ष कौशल किशोर मिश्रा, उपनिरीक्षक हरिनाम सिंह पुलिस बल के साथ महली कॉच तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे, इसी बीच एक बाइक पुलिस को आती दिखाई दी। रोकने पर पुलिस ने जब बाइक की तलाशी ली तो बाइक सवार के पास 5 लाख 27 हजार 2 सौ रुपये मिले। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रवि कुशवाहा निवासी पुरानी बेलाई थाना मऊरानीपुर बताया। टीम ने युवक से जब रुपयों के बारे में दस्तावेज माँगे तो वह नहीं दिखा सका।

इधर, बाइक सवार के पास रुपये मिलने की सूचना पर गरौठा एसडीएम श्वेता साहू, क्षेत्राधिकारी (गरौठा) रणधीर सिंह भी मौके पर पहुँच गये। जाँच-पड़ताल के बाद पुलिस ने रुपयों को जब्त कर लिया। इस दौरान टीम में धर्मेन्द्र कुमार, शिवाही मंगलेश्वर, राजन, विकास कुमार, गोविन्द सिंह, बालक रामपाल आदि शामिल रहे।

पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी

 # OPERATION CONVICTION

JHANSI / JALAUN / LALITPUR POLICE

पत्नी की हत्या में दोषी पति को आजीवन कारावास

- एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया
- मासूम बेटे के सामने की थी हत्या

पत्नी के कातिल को उम्रकैद 14 साल बाद आया फैसला

संवाद न्यूज एजेंसी

जिला न्यायाधीश ने लगाया एक लाख अर्थदंड